
परेशानी — छोटे बच्चों को घरों में कैद कर रखने को मजबूर

# आवारा डॉग्स फैला रहे आतंक, काबू में नहीं

**जबलपुर, नवभारत।** शहरी इलाकों के साथ साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से लोगों का जीवन मुश्किल हो गया है। ताज़ा उदाहरण दमोहनाका के समीप शिव नगर, सोनम मार्केटिंग के पीछे एक गली में देखने को मिला। ये आवारा डॉग्स झुंड बनाकर कालोनियों पर रोज़ अटैक करते है। जिससे बचने हेतु आमजनों को पत्थर तक चलाना पड़ जाता है। कालोनियों में रहने वाले छोटे बच्चों को भी आवारा कुत्तों के काटने का खतरा बना रहता है, इस खतरे को भांपते हुए कालोनी के रहवासी अपने छोटे बच्चों को घरों में कैद कर रखने को मजबूर हो चुके है। वही दुकानों के बाहर रखी खाद्य सामग्री को भी ये आवारा डॉग्स नुकसान पहुंचाते है। ये वही खाद्य सामग्री है, जिसे आमजन सीधा इस्तेमाल करते हैं। इन के कारण सड़कों पर





हादसों का भी खतरा बना रहता है।

### उच्चतम न्यायालय ने दिए निर्देश

हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों पर निर्देश जारी किए थे, जिसमें उन्हें स्कूलों, अस्पतालों और हाईवे जैसे सार्वजनिक स्थानों से हटाना, नसबंदी और टीकाकरण के बाद शेल्टर होम में रखना शामिल था। यह फैसला पूरे देश में लागू होगा और सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को इसका पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था, जिसमें एक स्टेटस रिपोर्ट तीन सप्ताह में दाखिल करनी थी। कोर्ट ने यह भी कहा है कि पकड़े गए कुत्तों को उनके मूल स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा।

### लाचार है निगम

बता दे कि शहरी क्षेत्र में करीबन 2100 से ज्यादा स्थान बताए जा रहे हैं, जहां पर आवारा श्वानों की निगरानी करनी है, लेकिन नगर निगम के पास आवारा श्वान पकड़ने के लिए टीम ही नहीं है। इतना ही नहीं स्लॉटर हाउस और बधियाकरण की कोई व्यवस्था भी नगर निगम के पास नहीं है। इस संबंध में अधिकारियों द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि अब इस दिशा में जल्द काम प्रारंभ किया जाएगा। कोशिश रहेगी कि शहर के आवारा श्वानों पर लगाम लगाई जा सके। अब देखने वाली बात ये होगी कि निगम किस एजेंसी को यह कार्य सौंपेगी। अभी तक कोई भी डिसीजन नहीं लिया गया है।

### इनका कहना है



आवारा डॉग्स पर लगाम कसना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। आए दिन ये लोगों पर हमला कर देते है।

**हितेश**



शहर का शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र बचा हो जहां आवारा डॉग्स का आतंक ना हो। हर जगह आम आदमी परेशान है।

**जगदीश**

## महापौर गुरूकुल के 15 विद्यार्थियों ने पूरी की सपनों की उड़ान

▸ इंदौर से जबलपुर लौटने पर साझा किए अनुभव

**नवभारत,जबलपुर।** महापौर गुरूकुल के मेधावी छात्र-छात्राओं ने सपनों की उड़ान पूरी कर ली है। नगर निगम स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने हवाई उड़ान के द्वारा इंदौर शहर की यात्रा की और अपने सु:खद अनुभव को सभी के सामने खुशी से साझा किया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राएं इंदौर के फाइव स्टार होटल में रूके, वहां के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहरों को भ्रमण के दौरान देखा और इंदौर की पारंपरिक, साहित्यिक और अन्य सांस्कृतिक चीजों को भी अनुसरण करने का संकल्प लिया। इन्दौर शहर की यात्रा करने के बाद सभी 15 छात्र-छात्राएं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के पास पहुंचे जहां निगमायुक्त ने भी बच्चों से हवाई यात्रा के अनुभव के बारे में जाना एवं बच्चों से चर्चा करते हुए कहा



कि वे इन्दौर शहर के बारे में उन्होंने जो जाना समझा, वहां के कार्य, संस्कृति, साफ-सफाई, के बारे में जाना, वे अपने से जुड़े लोगों को ये बताएं कि हम भी अपने शहर को सुन्दर साफ स्वच्छ कैसे रख सकते हैं इसकी जानकारी सभी से साझा करें।

### इन विद्यार्थियों ने किया सपना पूरा

इन्दौर शहर की यात्रा करने वालों में नगर निगम द्वारा संचालित नगर निगम कन्या शाला गोविंदगंज, नेता जी सुभाषचंद्र बोस उ.मा.शाला तिलवाराघाट, लक्ष्मी नारायण यादव उच्चतर माध्यमिक शाला रांझी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद उच्चतर माध्यमिक शाला गौरीघाट एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला घमापुर के बच्चे जिनमें क्रमशः अमित कोरी, रोशन कुशवाहा, लक्ष्मी प्रधान, आयुषि महोबिया, तहजीब बानो, सानिया बानो, उमा चौधरी, इल्मा बानो, जानकी कोष्टा कार्तिक लोधी, सोनिया चौधरी, दिव्या धुर्वे, सची गौतम, माही बर्मन, आर्यन तिवारी के नाम शामिल रहे। गौरतलब है कि महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने 3 वर्ष पूर्व नगर निगम के स्कूलों के बच्चों से वादा किया था कि वे यदि 85 प्रतिशत के ऊपर अंक लेकर आते हैं तो उनको हवाई यात्रा कराई जायेगी।

## महापुराण का श्रवण मनुष्य की जीवनशैली को बदल देता है

▸ नौ दिवसीय श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा

**नवभारत, जबलपुर।** विजयनगर स्थित नर्मदा एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में नौ दिवसीय श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का शुभारंभ सोमवार सुबह विधिवत पूजन के साथ हुआ। मुख्य यजमान पं. जितेन्द्र पचौरी एवं डॉ. मुक्तेवरी पचौरी ने यज्ञशाला में प्रवेश कर पूजन-विधि संपन्न कराई। दोपहर में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक गिरि बापू ने शिव महापुराण पोथी का पूजन किया। कथा वाचन के दौरान गिरि बापू ने कहा कि प्रसन्नता ही ईश्वर की पूजा है। महापुराण का श्रवण मनुष्य के जीवन में व्यवहार और जीवनशैली को बदल देता है।



जहां कथा होती है, वहां तीर्थ स्वयं आ जाते हैं। उन्होंने माँ नर्मदा के जल संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान भी किया। व्यास पीठ पूजन समिति के स्वामी महेंद्रानंद महाराज, सुरेन्द्रानंद महाराज एवं जनपद अध्यक्ष दयानंद गिरि ने किया। कार्यक्रम में पं. देवेन्द्र पचौरी, चित्रा देवी, नवनीत माहेश्वरी, एड. चंद्रपुरी गोस्वामी, पूर्व विधायक विनय सक्सेना सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। प्रथम दिवस का भंडारा सरला दुबे द्वारा आयोजित किया गया। समिति के पं. श्याम मनोहर पचौरी, विष्णु शंकर पटेल, गौरी शंकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा श्रवण किया। आज 18 नवम्बर को कथा स्थल पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के आगमन और आशीर्वचन का कार्यक्रम होगा।

## कादंबरी संस्था का साहित्य महाकुंभ 22 को

मनीषियों की स्मृति में विविध सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय स्तर पर क्रियाशील प्रतिष्ठित संस्था कादंबरी द्वारा अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन 22 नवंबर को दोपहर 3 बजे से शहीद स्मारक सभागार में किया गया है। कादंबरी के यशस्वी अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे एवं महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि इस समारोह में विद्वत मनीषियों की स्मृति में देश के विविध अंचलों के 127 साहित्यकारों को लगभग चार लाख रुपए की सम्मान निधि से अलंकृत किया जाएगा।

## कलयुग में कीर्तन ही हमें लगा सकता है भवसागर से पार

▸ प्रेमनगर गुरुद्वारे में भव्य और दिव्य कीर्तन समागम में गूंजी इलाही गुरुवाणी

**नवभारत,जबलपुर।** सिमरन सेवक जत्था और सिख सेवक जत्था के नेतृत्व में गुरुद्वारा प्रेमनगर गुरुद्वारे में सोमवार की रात भव्य और दिव्य कीर्तन समागम का आयोजन किया गया । इस मौके पर विश्व विख्यात रागी जत्था जगजीत सिंह बबीहा, दिल्ली एवं साजिंदे साथियों ने साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी शामिल पंचम गुरु अरजन देव जी की पवित्र गुरुवाणी तेरे भरोसे प्यारे मैं लाड लड़ाया भूले चूके बरक तू हरि पिता माया का रसभीना गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश कर साध संगत को रसविभोर कर





दिया। उन्होंने कहा कि कलयुग में कीर्तन ही प्रधान है जो हमें भवसागर से पार लगा सकता है। नगरागमन पर डुमना हवाई अड्डे में सिख समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर रागी जी का भावभीना स्वागत किया गया। श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के पवित्र शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित इस समागम में हुजूरी रागी जत्था रागी जत्था अमनदीप सिंह, सिख नारी मंच, एवं सिमरन सेवक जत्था आदि ने भी गुरुवाणी गायन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर रागी जत्थे की शाल और सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन ज्ञानी मनमोहन सिंह ने किया । मुख्यग्रंथी द्वारा सरबत के भले की अरदास प्रार्थना एवं साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पवित्र हुकुमनामा के उपरान्त कड़ाह प्रसाद एवं गुरु का लंगर वितरित किया गया । यहां बड़ी संख्या में आबाल वृद्ध नर नारी श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर अपनी श्रद्धा भक्ति का इजहार किया ।

## एक नजर में



### नोडल स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नवभारत,जबलपुर।** श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में नोडल स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। पहले मुकाबले में श्रीराम ग्रुप्स कॉलेज ने खालसा इंजीनियरिंग कॉलेज को 213 रनों से हराते हुए शानदार जीत दर्ज की। श्रीराम की ओर से रोहित सोनी ने नाबाद 157 रन (18 चौके, 7 छक्के) की विस्फोटक पारी खेलते हुए टीम का स्कोर 15 ओवर में 3 विकेट पर 258 रन तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए खालसा कॉलेज की टीम 45 रन पर ऑल आउट हो गई। दिन के दूसरे मैच में सरस्वती कॉलेज ने 84 रन बनाए, जिसे ज्ञान गंगा फार्मेसी कॉलेज ने 7 विकेट से हासिल कर जीत अपने नाम की। उद्घाटन समारोह में चेयरमैन रामेन्द्र करसोलिया, डायरेक्टर डॉ. एल.के. पटेल, नोडल अधिकारी भगवान सिंह तथा विभिन्न कॉलेजों के खेल अधिकारी उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका अशोक सिंह, रामाराव और आयुष चौधरी ने निभाई।



### मुजावर मोहल्ला में जश्न-ए-गौस-ए-आज़म

**नवभारत,जबलपुर।** गढ़ा मुजावर मोहल्ला स्थित सज्जादानशीन सैय्यद इदरीस अली कादरी के निवास पर ग्यारहवीं शरीफ़ के उपलक्ष्य में जश्न-ए-गौस-ए-आज़म का आयोजन किया गया। जलसे की शुरुआत कुरान पाक की तिलावत से हुई। जलसे में मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, मुबारक अली कादरी, इनायत कादरी समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। महफ़िल में रूहानियत पैदा करते हुए उस्ताद असलम माजिद जबलपुरी, डॉ. मक़बूल अली, इजहार जबलपुरी, हाफिज फ़ज़ल हुसैन कादरी ने नअत-ए-पाक और मनक़बत पेश कीं। मौलाना चांद कादरी ने अपनी नूरानी तकरीर से लोगों को मुतास्सिर किया।सज्जादानशीन सैय्यद इदरीस अली कादरी ने मेहमानों की दस्तारबंदी कर उनका इस्तकबाल किया। अर्द्धरात्रि में सलातो-सलाम की अदायगी के साथ जल्सा का समापन हुआ।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मैकेनिकल बना चैंपियन

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल में सोमवार को अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल वर्ग में मैकेनिकल टीम ने एसएंडटी टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में हरा दिया और चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पुरुष वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच डीजल शेड एनकेजे और मेडिकल के बीच खेला गया, जिसमें डीजल शेड नकज की टीम ने जीत हासिल की, वॉलीबॉल की दूसरा सेमीफाइनल मैच टीआरओ और वाणिज्य विभाग के बीच खेला गया जिसमें वाणिज्य विभाग की टीम ने जीत हासिल की और तीसरा मैच महीला वर्ग का सेमीफाइनल एस एंडटी और कार्मिक विभाग के बीच खेला गया जिसमें एसएंडटी विजय रही।

### भाजपा का महिला सम्मेलन आज

**नवभारत,जबलपुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन मंगलवार 18 नवम्बर को दोपहर 1 बजे भाजपा कार्यालय रानीताल में किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने मातृ शक्ति से उपस्थिति की अपील की है।

## ऊँ सनातन धर्म का पवित्र मंत्र है, जो ऊर्जा और चेतना का मूल है

▸ कालीमठ में माँ निरंकार काली की 50वीं स्वर्णिम वर्षगांठ

**नवभारत,जबलपुर।** कालीमठ मदनमहल आमनपुर में माँ निरंकार काली की 50वीं स्वर्णिम वर्षगांठ 12 से 19 नवम्बर तक मनाई जा रही है। सोमवार को प्रदोष व्रत के अवसर पर बाबा बरफानी (बर्फ के शंकर जी) का महाभिषेक महंत चंद्रशेखरानंद महाराज द्वारा किया गया। दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने अपने संबोधन में बताया कि ऊँ सनातन धर्म का पवित्र मंत्र है, जो ऊर्जा और चेतना का मूल है। दंडी



स्वामी नर्मदानंद ने माता शबरी की भक्ति को रेखांकित किया। गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉ. मुकुंदास जी ने सोम प्रदोष के महत्व और मोक्ष की प्राप्ति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर माँ निरंकार काली लोक कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य दुर्गेश श्रीवास पप्पू, राजू दुबे, पंकज तिवारी, शैलेष श्रीवास सहित अन्य लोगों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

### जश्ने पंजतन एवं अशरफ़ी का आयोजन आज

**नवभारत,जबलपुर।** आज मंगलवार को सदर जामा मस्जिद के सामने सुलताने अकबर, गौसे ज़माँ कलंदरे दौरा, फकीरे अशरफ़ी, मखदूम सूफ़ी सैयद मोहम्मद अख्तर हुसैन अशरफ़ गुल अशरफ़ी मोहम्मदी किछौछवी (क़ुद्दस सिर्रहू) के ज़ेरे साया-ए-करम में गौसे किछौछा गुल अशरफ़ी एकेडमी द्वारा जशने पंजतन, जशने अशरफ़ी, जशने अमीरुल औलिया एवं जशने गुल अशरफ़ी का आयोजन किया गया है। आयोजन का आग़ाज़ नमाज़-ए-मग़रिब के बाद सदर जामा मस्जिद में नज़रो-नियाज़ से होगा। इसके पश्चात रात 8.30 बजे से महफ़िले सिमा का एहतिमाम किया जाएगा,



## कलेक्टर ने हिमांशु के घर पहुंचकर दी शुभकामनाएं

▸ डिप्टी कलेक्टर पद पर हुए हैं चयनित

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आधारताल क्षेत्र के भ्रमण के दौरान लोक सेवा आयोग द्वारा डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित हिमांशु सोनी के घर जाकर उनसे भेंट की और शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने हिमांशु सोनी के पढ़ाई-लिखाई के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही उनके माता-पिता से भी मुलाकात की।



## घाट पर सफाई कर किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**नवभारत, जबलपुर।** जी.एस. अर्थ-वाणिज्य महाविद्यालय (स्वशासी) की राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं नियमित गतिविधि के अंतर्गत उमाघाट घाट पर जल संरक्षण और स्वच्छता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। विद्यार्थियों ने घाट की सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक बनर्जी, डॉ. नीरज कुमार केशरवानी, डॉ. सुनीता उपाध्याय और 50 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एक मंच पर आई लॉ फर्म

**जबलपुर, नवभारत।** कॉर्पोरेट लॉज़ एंड गवर्नेंस केंद्र डीएनएलयू जबलपुर द्वारा 15-16 नवंबर को प्रथम कॉर्पोरेट लॉ समिट-2025 का सफल आयोजन वर्चुअल मोड में किया गया। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार सिन्हा ने ईएसजी, सतत विकास और नैतिक कॉर्पोरेट गवर्नेंस की बढ़ती प्रासंगिकता पर विशेष जोर दिया। इसमें बताया गया कि दो दिनों तक चली दो पैनल चर्चाएँ, नौ तकनीकी सत्रों में 80 से अधिक शोध-पत्रों की प्रस्तुति हुई। देशभर के विश्वविद्यालयों, शोधकर्ताओं और लॉ-प्रैक्टिशनरों की सक्रिय भागीदारी और प्रमुख लॉ फर्मों—खैतान एंड कंपनी, सायरिल अमरचंद मंगलदास, शार्दूल अमरचंद मंगलदास, ट्राइलीगल की उपस्थिति थी।

## मप्र पावर जनरेटिंग का भेल से 23 हजार करोड़ का अनुबंध

**जबलपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश की बढ़ती विद्युत आवश्यकताओं को दीर्घकालिक रूप से पूर्ण करने और राज्य में विद्युत उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड ने 660-660 मेगावाट की दो नई ताप विद्युत इकाइयों की स्थापना के लिए गत दिवस भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल-भेल) के साथ विद्युत कम्पनियों के मुख्यालय शक्ति भवन जबलपुर में महत्वपूर्ण अनुबंध हस्ताक्षरित किया। हस्ताक्षरित अनुबंधों का कुल मूल्य 23,600 करोड़ है। यह दो नई



इकाईयां सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी और अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में स्थापित होंगी। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर टेक्नकिल सुबोध निगम व डायरेक्टर कॉमर्शयिल मिलिन्द भान्दक्कर की उपस्थिति में इस अनुबंध पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभयिंता परियोजना विवेक नारद और भेल के महाप्रबंधक जोगेश गुलाटी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भेल की ओर से सहायक प्रबंधक अजय जैन, उप महाप्रबंधक सुधांशु कुमार सहित पावर जनरेटिंग कंपनी के वरिष्ठ अभयिंता उपस्थित थे।

बैठक — रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित

## एसआईआर के लिए कार्यकर्ताओं को किया निर्देशित

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण की आवश्यक बैठक सोमवार को ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई, बैठक में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुन:निरीक्षण के लिए कार्यकर्ताओ को निर्देशित किया गया।

इस दौरान भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटैल ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा पूरे देश में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुन:निरीक्षण किया जा रहा है ,इस कार्य में हमारे बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि




प्रशासन द्वारा नियुक्त बीएलओ के साथ हर बूथ पर हमारे कार्यकर्ता बीएलए के रूप में घर घर जाकर मतदाता सूची को अपडेट करने में सहायता करेंगे। बैठक को सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, महामंत्री एवं अभियान संयोजक राजेश दाहिया, रुपेश लोधी, राजेश राय, अनुपम सराफ, संदीप शुक्ला, अभिषेक सिंह हरी, पुष्पराज सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अलका गर्ग, छाया जैन, नीता जैन, आंनद साहू के साथ मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

### ओलंपियाड परीक्षा आज

**नवभारत,जबलपुर।** जिले के 63 जनशिक्षा केन्द्रों में शासकीय स्कूलों के कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड परीक्षा आज 18 नवंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने बताया कि कुल 28,727 विद्यार्थियों ने जनशिक्षा केंद्र स्तर की परीक्षा में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। परीक्षा कक्षा अनुसार आयोजित होगी, जिसमें कक्षा 2-3: हिंदी, गणित, अंग्रेजी, कक्षा 4-5: हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण, कक्षा 6-8: सामान्य ज्ञान, हिंदी, संस्कृत, गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। ओएमआर शीट पर आधारित इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में चिंतन, तार्किक क्षमता और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी को प्रोत्साहित करना है।



## सशक्त हस्ताक्षर का मासिक काव्य महोत्सव आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** सशक्त हस्ताक्षर संस्था द्वारा चंचल बाई पटेल महाविद्यालय में आयोजित 42वाँ मासिक काव्य महोत्सव उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के संस्थापक गणेश श्रीवास्तव 'प्यासा' ने अतिथियों व कवि-कवयित्रियों का स्वागत किया। सरस्वती वंदना कवयित्री वंदना सोनी 'विनम्र' ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विनीता श्रीवास्तव रहीं तथा अध्यक्षता महामहोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. सुरेन्द्रलाल साहू 'निर्विकार', डॉ. कामना कौस्तुभ, अम्लान गुहा नियोगी, राजेश पाठक 'प्रवीण', प्राचार्य डॉ. वंदना पाण्डे और मनोज शुक्ल 'मनोज' शामिल रहे। आयोजन में कई वरिष्ठ साहित्यकारों का सहयोग उल्लेखनीय रहा। काव्य गोष्ठी की शुरुआत शिवानी भगत ने माँ पर रचना प्रस्तुत कर की। इसके बाद अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं से रसवर्षा की।